रोहतक
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 03
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 16.8
न्यून. 10.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



03 भारत की सुपर सिक्स में न्यूजीलैंड से मुकाबला आज

haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास : दुष्यंत

**भिवानी/चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, कमेरे और मजदूर के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर नई-नई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाया जा रहा है। टेल के अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने के लिए माइनरों का जीर्णोद्धार करवाया गया है। चौटाला सोमवार को भिवानी जिला के गांव मंढ़ाणा, सुई, नाथुवास, खरक और सैय में जन समस्याएं सुन रहे थे।

### संदेश यात्रा से प्रदेश में बदलाव आएगा : सैलजा

**फतेहाबाद/ चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि झूठ और जुमलों पर आधारित गठबंधन सरकार की विदाई का समय आ गया है, कांग्रेस संदेश यात्रा के बाद प्रदेश में बदलाव आएगा, कांग्रेस की सरकार बनेगी फिर जनता की मर्जी के सारे काम होंगे क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल में जो भी अपने हक के लिए आवाज उठाता है उस पर लाठियां बरसाकर उसे लहुलुहान कर दिया जाता है।

### बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा : इनेलो

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद विधायक अभय चौटाला ने कहा कि प्रदेश का युवा सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। जहां सरकार में ज्यादातर भर्तियां या तो कैंसल कर दी गई, या फिर भर्ती में धांधली के कारण कोर्ट में अटकी पड़ी हैं। इसके बाद जो थोड़ी बहुत सरकारी नौकरियों की भर्ती हुई है उनको प्रदेश से बाहर के लोगों को देकर प्रदेश के युवाओं की पीठ में छुरा घोंपा है।

### प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है : राठी

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने कहा है कि प्रदेश की जनता सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है और 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। सुरेंद्र राठी ने कहा कि जींद महासभा में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने बताया कि पंजाब में 40 लाख घरों में जीरो बिजली के बिल आते हैं।

### कौशल विवि में विदेशियों के लिए खुलेगा सेंटर

**चंडीगढ़।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल में सोमवार को साउथ कोरिया और जापान के प्रतिनिधिमंडल पहुंचे। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ संबंध मजबूत बनाने के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। वन वर्ल्ड एलायंस जापान के आग्रह पर कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में विदेशी संगठनों के लिए सेंटर का स्थान उपलब्ध करवाने की सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि भारत के पास सर्वाधिक युवा शक्ति है।

---

**प्रदेश की जनता जान चुकी, उनके हित भाजपा के हाथों में सुरक्षित**

# हरियाणा में बड़े-बड़े दावे करने वाली आम आदमी पार्टी पहले दे प्रदेश के किसानों को एसवाईएल का पानी : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

## एसआरके गुट को सता रहा गुलाबी गैंग का डर, कइयों की ले चुका बलि

■ आप सरकार दिल्ली व पंजाब को संभाल नहीं पा रही



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि हरियाणा की जनता आम आदमी पार्टी को मुंह नहीं लगाएगी। हरियाणा की जनता ने अच्छी तरह से जान व समझ लिया है कि उसके हित केवल भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंने प्रदेश के सभी दस लोकसभा सीटों पर भाजपा की भारी बहुमत से जीत का दावा किया। हिसार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा में छोटी सी जनसभा करके उसे रैली का नाम देकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा की जनता को अच्छी तरह पता चल गया है कि आम आदमी पार्टी के शासन में दिल्ली भयंकर पिछड़ेपन व बर्बादी की ओर चली गई है। पंजाब की जनता ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का साथ दिया लेकिन अब वहां की जनता इससे दुखी है। वे पंजाब को भी नहीं संभाल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी का वहीं हाल होगा जो आदमपुर उपचुनाव में हुआ था। एसवाईएल के मसले पर कैप्टन अभिमन्यु ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कार्यक्रम करके बड़े-बड़े वादे करने वाले आप नेता पहले हरियाणा को एसवाईएल का पानी देने की बात तो करें, वे इस पर चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब सरकार ऐसा करती है तो वे भी आभारी रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हुड्डा शासन में प्रदेश में भाई-भतीजावाद, अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर रहा। जिन्होंने दस साल तक प्रदेश को लूटा, किसान की जमीन को जबरदस्ती अधिग्रहित कर लिया गया, पूंजीपतियों के साथ अपनी तिजोरियां भरने पर जोर दिया गया, नौकरियां बेची गई, गेस्ट टीचरों पर गोलियां चलाई गई और गेस्ट टीचर शहीद हुए। उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा लोगों को बहकाने का प्रयास कर रहे है, परंतु अब लोग इनके बहकावे नहीं आएंगे।

उन्होंने कहा कि हुड्डा अपने परिवार व अपने साथियों की बेरोजगारी दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। यह परिवार केवल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने में लगा हुआ है, लेकिन ये छल-कपट अब नहीं चलने वाला।

### मनोहर सरकार बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को दे रही नौकरियां

कैप्टन अभिमन्यु ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सराहना करते हुए कहा कि आज बिना खर्ची पर्ची के मनोहर लाल की सरकार युवाओं को नौकरियां दे रही है। एचसीएस की नौकरियां लगाई जा रही है। प्रदेश के लोगों को नौकरियां निष्पक्ष तरीके से दी गई है। कांग्रेस के एसआरके गुट द्वारा निकाली जा रही संदेश यात्रा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि एसआरके गुट को पार्टी के ही गुलाबी गैंग का डर सता रहा है। ये गुलाबी गैंग पहले भी पार्टी के कई नेताओं की बलि ले चुका है। आगामी लोकसभा अकेले लड़ने या जजपा के साथ मिलकर लड़ने के सवाल पर पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी पहले ही स्पष्ट कर चुके है कि हम सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।

---

**मुख्यमंत्री बोले दोनों कैटेगरी में 60 हजार पदों को भरा जाएगा**

# ग्रुप डी से पहले सी की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही करीब 60 हजार भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी। इनमें पहले ग्रुप सी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उसके बाद में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेदभाव से सभी क्षेत्रों का समान विकास किया है।

### जनहित में काम कर रही सरकार

पारदर्शी ढंग से व अंत्योदय की भावना पर चलते हुए पंक्ति में खड़े जरूरतमंद अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे गरीब लोगों को बिना मांगे उनका हक मिला है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं व जनहित के कार्य के चलते केंद्र व हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। अबकी बार लोकसभा व विधानसभा में पहले से भी अधिक बहुमत मिलेगा।

### इंडिया गठबंधन जनता द्वारा नकारे दलों का गठजोड़

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भगवान श्री राम देश की आस्था है और हमारी आत्मा है। श्री राम के नाम पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो श्री राम का नहीं वो किसी का भी नहीं। लोकसभा व विधान सभा चुनाव इकट्ठे होने के सवाल पर सीएम मनोहर लाल ने कहा कि दोनों चुनाव एक साथ होने की संभावना कम ही लग रही है। अभी तक इस बारे में चुनाव आयोग की तरफ से भी कोई संकेत नहीं मिला है। इंडिया गठबंधन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नकारे हुए दलों का गठबंधन है,जनता में इनका कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के उत्थान के लिए दिन रात काम कर रही है। जनता सरकार के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट है।



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे**

- मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे
- जो भगवान श्री राम का नहीं, वह किसी का भी नहीं हो सकता : मुख्यमंत्री

### ग्रुप डी के पदों को तीन दिन में पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिलों में कार्यरत ग्रुप-डी के रिक्त पदों की संख्या को तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।



मुख्य सचिव यहां विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्ति प्राधिकारी मनोनीत किया गया है।कौशल ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पदों की भर्ती की जाएगी। इनमें विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के लिए 500 पद भी शामिल हैं। इसके लिए विभागों द्वारा आयोग को मांग-पत्र भेजा गया है। इन कर्मचारियों का कॉमन कॉडर रहेगा, जिन्हें विभिन्न विभागों और जिलों में लगाया जाएगा। मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि विभागों द्वारा आयोग को पहले से भेजी गई मांग को ही दोबारा भेजना सुनिश्चित करें। विभागों द्वारा मांग-पत्र में भेजे गए पदों की संख्या भी पहले जितनी ही होनी चाहिए।

**GLOBAL HORIZON HOLDINGS PVT LTD.**
Project name: Flora Avenue - 33, Village Dhunela,
Sector - 33, Sohna, Gurgaon - 122103
License No. 58 of 2019 / 88 of 2022

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का दीनदयाल जन आवास योजना 2016 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

| Form No. | Flat no. | Floor |
|---|---|---|
| 00107 | A -19 | 2nd |
| 00077 | A - 25 | 2nd |
| 00015 | A - 26 | 4th |
| 00007 | A - 34 | 4th |
| 00042 | F1 - 02 | 2nd |

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Registered Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram-122018
Ph: 0124 2659076 / 77 / 78 CIN: U70101DL2014PTC263654

**कार्यालय : महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

**निविदा सूचना** Gmail to: gmhrjind1@gmail.com

निदेशालय, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैन्ड जीन्द के 5 किलोमीटर एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पेट्रोल पम्प से कम से कम 15 दिन ( अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी ) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जायेगाः-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | जीन्द नया बस स्टैंण्ड | लगभग 6000 लीटर प्रतिदिन |
| 2 | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 1600 लीटर प्रतिदिन |
| 3 | सफीदों बस स्टैण्ड | लगभग 1100 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अन्दर आने वाले सभी पेट्रोल पम्प डीलरों को इस निविदा सुचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी अपनी कुटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 02.02.2024 को सुबह 10:00 बजे तक कार्यालयः महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा दिनांक 02.02.2024 को सुबह 11:00 बजे इच्छुक डीलरों की उपस्थिति में ही इन कुटेशनों को नियमानुसार खोला जाएगा। फर्म को भुगतान 15 कार्यदिवस में किया जाएगा। फर्म / पेट्रोल पम्प डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना ना करना पड़े। पेट्रोल पम्प डीलर को विभाग के कर्मचारियों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पम्प पर आने व जाने के समय भीड़ / जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों के चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्प तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबन्ध रदद कर दिया जाएगा सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पैट्रोल पम्प इस डिपो को डीजल की Supply निरंतर करते रहेंगें व किन्हीं अपरिहार्य कारणों के कारण Supply बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबन्ध आगे बढ़ाया जायेगा या नहीं, इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार / विभाग द्वारा समय-2 पर जारी सभी दिशानिर्देश / हिदायतें की शर्तों की पालना करनी होगी।**

**हस्ता/- महाप्रबन्धक,**
**हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

पीआरडीएच-1119/11/464/2024/24496/88/6 दि. 29.01.24

# अप्रवासी भारतीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अप्रवासी भारतीयों विशेषकर हरियाणा मूल के एनआरआई के समक्ष आ रही कठिनाइयों व शिकायतों का समाधान एक ही छत्त के नीचे उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में अप्रवासी भारतीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ सृजित किया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस आशय का परिपत्र जारी किया गया है। हाल ही में गांधीनगर में आयोजित 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के दौरान जापान, अमेरिका व अफ्रीकी देशों की 10 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ वन-टू- वन बैठक की थी और हरियाणा में निवेश करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। निवेशकों ने सरकार की उद्योग एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के बारे जानकारी ली थी और नीति के तहत वर्तमान में स्थापित अपनी इकाइयों के विस्तार से जानकारी दी थी।

# 60 हजार बच्चों का भविष्य दांव पर: गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की



शिक्षा विरोधी नीति के कारण प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले 60 हजार बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्हें फरवरी माह में होने वाली परीक्षाओं से वंचित रखा जा रहा है। सरकार की बेसिर पैर की योजनाएं के चलते निजी स्कूलों के छात्र छात्राएं मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकारी स्कूल मर्जर के नाम पर बंद किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार प्राइवेट स्कूल के बच्चों को भी बोर्ड की परिक्षाएं देने से वंचित रखने की कोशिश कर रही है। परीक्षा के आवेदन के लिए सिर्फ तीन दिन बचे हैं, जबकि अभी तक दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के फॉर्म भी नहीं भरे गए हैं। हरियाणा प्रदेश के अस्थाई मान्यता प्राप्त निजी स्कूल शिक्षा विभाग के बॉन्ड राशि के चक्कर में फंस गए हैं। इससे लगभग 60 हजार बच्चों के अभिभावक व बच्चे असमंजस की स्थिति में हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं को शेड्यूल जारी कर दिया है वहीं दूसरी ओर इन स्कूलों के बच्चे अभी तक परीक्षा फॉर्म तक भी नहीं भर पाए हैं। इस कारण बच्चे और अभिभावक भी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग बॉन्ड राशि के नाम पर स्कूलों को ब्लैकमेल कर रहा है। शिक्षा मंत्री पहले परीक्षा देने की हामी भर अब अपनी बात से पलट गए हैं और निजी स्कूलों पर परीक्षा नहीं देने का दबाव बना रहे हैं। इससे छात्र परेशान हो रहे है।

# जेलों में स्वास्थ कर्मचारियों की कमी पर जवाब-तलब

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब की जेलों में मेडिकल स्टाफ की कमी के चलते कैदियों के स्वास्थ्य के पड़ रहे प्रभाव पर कड़ा रुख अपनाया है। हाई कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब सरकार को आदेश दिया है कि वह 19 फरवरी तक हाई कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दायर कर यह बताएं कि जेलों में मेडिकल आफिसर के पद भरने के लिए क्या कदम उठाए गए है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब सरकार को अगली सुनवाई पर डाक्टरों व मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों का ब्योरा सौंपने का भी आदेश दिया है। इसके साथ ही दोनों को यह भी बताना होगा कि इन पदों को भरने को लेकर सरकार की क्या योजना है। पंजाब की जेल में एक कैदी की मौत का मामला पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के समक्ष पहुंचा था। इस मामले का संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने सुनवाई आरंभ की थी। पिछली सुनवाई पर सिंगल बेंच के समक्ष बताया गया कि इसी प्रकार का मामला खंडपीठ के समक्ष भी विचाराधीन है और ऐसे में जस्टिस विनोद भारद्वाज ने यह केस मुख्य न्यायाधीश को रेफर कर दिया था।

### 416 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य

**चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्री डाक्टर बनवारी लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहकारी चीनी मिलों में गन्ने की पेराई क्षमता और चीनी की रिकवरी बढ़ाई जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को कहा कि गोदामों में रखी चीनी में नमी न आए, इसका ध्यान रखा जाए। प्रदेश में पेराई सीजन 2023-2024 के लिए गन्ने की पेराई का अनुमानित लक्ष्य 416 लाख क्विंटल रखा गया है। मंत्री डा. बनवारी लाल आज यहां गन्ने की पिराई सीजन 2023-2024 के लिए सहकारी चीनी मिलों की कार्य दक्षता पर बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री को अवगत कराया गया कि 23 जनवरी 2024 तक चीनी मिलों में 167.43 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है, तथा 14.78 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन हो चुका है। चीनी की रिकवरी 9.37 प्रतिशत रही है।

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
Employees Provident Fund Organisation,
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय Regional Office,
भविष्य निधि भवन, सैक्टर-3, रोहतक हरियाणा
Bhavishya Nidhi Bhawan, Sector -3, Rohtak – 124001 (Haryana)
दूरभाष/ Phone : 01262-244903, 01 फैक्स Fax : 01262-244902 ई.मेल E Mail: .rohtak@epfindia.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

कर्मचारी भविष्य निधि एवम प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 7(क) के अंतर्गत निम्नलिखित स्थापनाओं के विरुद्ध क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त - II, रोहतक के समक्ष अर्ध न्यायिक जाँच जारी है :-

| क्र.स. | भविष्य निधि कोड संख्या | स्थापना का नाम व पता | अवधि | केस संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GN/RTK/20470 | मेसर्स PDM पोलिटेकनिक सराय ओरंगाबाद, जिला झज्जर | 09/2017 से 03/2018 | 172/2021 |
| 2. | GN/RTK/20470 | मेसर्स PDM पोलिटेकनिक सराय ओरंगाबाद, जिला झज्जर | 04/2018 से 03/2019 | 173/2021 |
| 3. | GN/RTK/20470 | मेसर्स PDM पोलिटेकनिक सराय ओरंगाबाद, जिला झज्जर | 04/2019 से 12/2019 | 204/2021 |
| 4 | GN/RTK/20672 | मेसर्स PDM स्कूल सराय ओरंगाबाद, जिला झज्जर | 09/2017 से 12/2019 | 11/2021 |

इस सम्बन्ध में स्थापनाओं के नियोक्ताओं व अन्य संबधित पक्षकारों को पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद निर्धारण अधिकारी ने उपरोक्त अवधि की देय राशि के निर्धारण करने का निर्णय लिया है। अतः इस सम्बन्ध में किसी भी नियोक्ता एवं कर्मचारी/व्यक्ति के पास कोई भी जानकारी/दस्तावेज उपलब्ध है तो वह स्वयं उपस्थित होकर अथवा साक्ष्य/सबूत/शपथ पत्र/दस्तावेज एवं अन्य जानकारी इस कार्यालय में अगली सुनवाई दिनांक 08/02/2024 को 02:30 बजे अपराह्न उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अन्यथा उपरोक्त स्थापनाओं के विरुद्ध उपलब्ध जानकारी/सबूत/दस्तावेज के आधार पर कार्यवाही कर दी जाएगी।

**(आलोक कुमार)**
**क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-II**

# नागरिक अस्पतालों में एक मार्च से यूनिफार्म कोड लागू होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

■ स्वास्थ्य मंत्री ने कर्मचारियों के साथ बैठक में दी जानकारी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य के सभी नागरिक अस्पतालों व स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न श्रेणी के कार्यरत कर्मचारियों की यूनिफार्म आगामी एक मार्च, 2024 से लागू की जाएगी ताकि राज्य के सरकारी अस्पतालों में भी कर्मचारियों और आने वाले मरीजों को एक सुखद एहसास मिल सकें।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में एनएबीएल प्रयोगशाला को स्थापित किया जाएगा ताकि लोगों की जांच उच्च स्तर पर की जा सकें। विज ने यह बात सोमवार यहां उनकी अध्यक्षता में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठकों में कही। उन्होंने कहा कि जब हम किसी अस्पताल में जाते हैं तो वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की एक यूनिफार्म होती है जिससे उस संस्थान के अनुशासन का पता चलता है। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कवायद की जा रही है ताकि आगामी एक मार्च से यूनिफार्म कोड को लागू किया जा सकें। इस दिशा में काम चल रहा है।



**चंडीगढ़।** कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक करते स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज।

### बैठक में डॉक्टरों की कई मांगों पर सहमति

**चंडीगढ़।** प्रदेश में मांगों को लेकर डॉक्टरों की स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज और अफसरों के साथ में वार्ता हुई। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में चार प्रमुख मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई, अधिकांश मांगों को लेकर मंत्री विज की ओर से सहमति जताई है। एसोसिएशन की ओर से उनकी मांगों को समयबद्ध तरीके से निपटाने की अपील की गई। हरियाणा सचिवालय में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया, महासचिव डा,. अनिल यादव व उपाध्यक्ष वीरेंद्र ढांडा, स्टेट कोऑर्डिनेटर विजेंद्र सिंह वार्ता के लिए मंत्री के ऑफिस में पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में विभाग की एसीएस जी अनुपमा डीजी हेल्थ प्रथम, द्वितीय के अलावा बाकी अधिकारी भी पहुंचे हुए थे। डाक्टरों की ओर से अपनी चार प्रमुख मांगों को रखा गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में हॉली चैरिटी स्कूल में हॉल का निर्माण + 6 कार्य। | 25.01.2024 07.02.2024 | 88.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में वार्ड नं. 2 में ब्राह्मण धर्मशाला में हॉल और कमरों का निर्माण + 1 कार्य। | 23.01.2024 13.02.2024 | 52.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |
| 3 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में चंदाना गेट पर सैन समाज लाइब्रेरी हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 23.01.2024 02.02.2024 | 45.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |
| 4 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में गर्ग सैनेटरी से पुराना रणधीर सिनेमा तक और पुराना रणधीर सिनेमा से फ्लाई ओवर के साथ लगते एसबीआई बैंक तक आईपीबी गली का निर्माण / मरम्मत + 1 कार्य। | 23.01.2024 05.02.2024 | 31.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/24513/I/88/6 दि. 29.01.24

रोहतक
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 03
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 16.8
न्यून. 10.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



03 मंदीप ने अमेरिका में जीता इंटरकान्टिनेंटल खिताब




परीक्षा पे चर्चा

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिए छात्रों को सफलता के मंत्र

# रोज लिखने का अभ्यास करें, मोबाइल को रील्स नहीं, पढ़ाई के लिए प्रयोग करें

### बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है। माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानें। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, दूसरों से नहीं। अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने करीब 2 घंटे 10 मिनट तक छात्रों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान पीएम ने बोर्ड एग्जाम के स्ट्रेस से निपटने, एग्जाम हॉल में परफॉर्म करने और एग्जाम्स की तैयारी करने के टिप्स दिए।

#### मोदी सर की क्लास

- फोन के पासवर्ड को परिवार से साझा करें
- रात्रि भोजन के समय गजट न चलाएं
- माता-पिता परिवार में नियम व कायदे बनाएं
- ऐसा जोन बनाएं, जहां गैजेट प्रतिबंधित हो
- प्रौद्योगिकी से दूर नहीं भागें, इसे बोझ नहीं मानें
- इसके प्रभावी उपयोग को सीखें व आगे बढ़ें

#### बुद्धिमान दोस्त बनाएं

मोदी ने कहा कि 'हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है।' हमें उन्हें किसी भी तरह का दबाव सहन करने में सक्षम बनाना चाहिए। छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने चाहिएं जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। 'आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें।' भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए।



**मन शांत रखें :** परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव का सामना करने के लिए छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। ड्रेसिंग सेंस, खाने-पीने का तनाव ना लें। परीक्षा शुरू होने तक किताब से ना चिपके रहें। एग्जाम शुरू होने कुछ देर पहले मन को शांति दें। फिजूल की बातों में अपनी एनर्जी खर्च न करें। एग्जाम में बड़ा चैलेंज लिखना होता है, इसलिए लिखने की प्रैक्टिस करें। पूरी नींद लें, इससे तनाव नहीं होगा।

#### बच्चों को हर वक्त समझाएं नहीं

माता-पिता को ज्यादा समझाने से बचना चाहिए। कभी-कभी पिता बच्चों को बोलते रहते हैं, पिता चुप होते हैं तो मां बोलने लगती हैं। फिर बड़ा भाई बोलने लगता है। कई बच्चे इसे सकारात्मक लेते हैं, लेकिन इससे भी दबाव पड़ता है। कॉम्पिटिशन का जहर पारिवारिक वातावरण में ही बो दिया जाता है। इसलिए सभी पैरेंट्स से आग्रह है कि बच्चों के बीच कम्पेरिजन मत कीजिए। इससे बच्चों के अंदर द्वेष का भाव पैदा हो जाता है।

#### जीवन में प्रतियोगिता जरूरी

जीवन में प्रतियोगिता होना जरूरी है। हमें खुद को किसी भी प्रकार के प्रेशर को झेलने लायक बनाना चाहिए। एक प्रेशर ही होता है जो हमने अपने लिए तैयार किया होता है। हमें खुद को इतना स्ट्रैच नहीं करना चाहिए कि स्टेबिलिटी टूट जाए।

#### खुद पर विश्वास करें

खुद पर विश्वास करें, दूसरों की सलाह से करियर का सिलेक्शन नहीं करें। दरअसल, सोचने के संबंध में दुविधा है, इसलिए आप 50 लोगों से राय लेते हैं। आप किसी की एडवाइज पर डिपेंड रहते हैं। सरल एडवाइज को अडेप्ट कर लेते हैं। सबसे बुरी स्थिति कंफ्यूजन है। हमें हर सिचुएशन में निर्णायक होना चाहिए।

#### माता-पिता का भरोसा जीतें

टीचर्स और पेरेंट्स सोचें कि कैसे हम ट्रस्ट डेफिशिएट का अनुभव कर रहे है। हमें बच्चों के आचरण को एनालिसिस करते रहना चाहिए। विद्यार्थियों को ऐसा जरूर सोचना चाहिए कि हमें पेरेंट्स का ट्रस्ट नहीं तोड़ना चाहिए। इससे टीचर और मां-बाप के लिए आप पर से भरोसा नहीं टूटेगा। मां-बाप को बच्चों पर ट्रस्ट करना सीखना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### आतंकी समूह 'सिमी' पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाषा

### देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक डॉ नित्यानंद का निधन

**लखनऊ।** पद्मश्री पुरस्कार विजेता और भारतीय औषधि अनुसंधान विभाग के पूर्व निदेशक डॉ नित्यानंद का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने प्रसिद्ध देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' की खोज की थी। यह देश की पहली गैर हार्मोन और गैर स्टेरॉइड वाली गर्भनिरोधक गोली है। डॉक्टर नित्यानंद 99 वर्ष के थे। एजेंसी



### कोर्ट में जाति, धर्म का क्या काम : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट और निचली अदालतों के मुकदमे के कागजात में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा को रोकने का निर्देश दिया। जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि इस परंपरा को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि 'हमें सुप्रीम कोर्ट या नीचे की अदालतों के सामने किसी भी वादी की जाति या धर्म को बयान करने का कोई कारण नहीं दिखता है। इसलिए यह परंपरा अब बंद होनी चाहिए। एजेंसी

# पूर्व सीएम हुड्डा से दूसरी बार 7 घंटे तक पूछताछ

### ईडी ने 14 दिन में दूसरी बार तलब किया | 1500 करोड़ के भूमि घोटाले से जुड़ा मामला | इससे पहले भी 7.30 घंटे हुई थी पूछताछ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड् डा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 दिन में दूसरी बार सोमवार को दिल्ली मुख्यालय में तलब किया और करीब सात घंटे तक पूछताछ की। यह पूछताछ मानेसर जमीन घोटाले के मामले में की जा रही है। बता दें कि दो सप्ताह पहले भी ईडी ने 2004-07 के दौरान हुए मानेसर के 1500 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से साढ़े सात घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने एक हफ्ते पहले उन्हें जांच में शामिल होने का नोटिस दिया था। ईडी ने दिल्ली मुख्यालय में पीएमएलए कानून के तहत 76 वर्षीय हुड्डा के बयान दर्ज किए। सूत्रों का कहना है कि इससे पहले हुई पूछताछ में जांच के दौरान कई सवालों का जवाब पूर्व सीएम ने सही नहीं दिया था, जिसके बाद उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

#### मानेसर जमीन घोटाला

भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासन में हुडा के मास्टर प्लान में आने वाले तीन गांवों मानेसर, नखड़ौला और नौरंगपुर के 200 से अधिक किसानों की 400 एकड़ जमीन के अधिग्रहण का नोटिस जारी हुआ था। किसानों को कम दाम में जमीन जाने का भय दिखाकर बिल्डरों ने 100 करोड़ रुपये में उनकी जमीन खरीद ली थी, जबकि जमीन की कीमत 1600 करोड़ रुपये बनती थी।



#### सीबीआई भी कर रही जांच

मानेसर थाना पुलिस ने मानेसर के पूर्व सरपंच ओम प्रकाश यादव की शिकायत पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अन्य पर धोखाधड़ी की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया था। प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी। 8 साल पहले सितंबर माह में सीबीआई ने मामला दर्ज कर तीनों गांव के 200 से अधिक किसानों के बयान दर्ज किए थे।

#### झारखंड जमीन घोटाला : दिल्ली में हेमंत सोरेन के घर पहुंची ईडी की टीम

**रांची।** जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने ईडी की टीम सोमवार को उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची और वहां करीब 13 घंटे तक रुकी। लेकिन सीएम यहां नहीं मिले। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि सोरेन ने ईडी को ईमेल पर पूछताछ के लिए समय दिया है। इसमें लिखा-31 जनवरी को दोपहर 1 बजे पूछताछ के लिए सीएम तैयार हैं। ईडी की कार्रवाई अलोकतांत्रिक है। वहीं, भाजपा ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई से डरकर फरार हो गए हैं। इस पर राज्यपाल संज्ञान लें।



सीएम ने मेल किया-31 जनवरी को पूछताछ करें

#### लैंड फॉर जॉब्स केस: लालू यादव से दस घंटे तक चली पूछताछ

**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में सोमवार को ईडी ने लालू यादव से 10 घंटे तक पूछताछ की। पटना के ईडी दफ्तर में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ सवाल-जवाब का दौर रात 9 बजे जाकर खत्म हुआ। ईडी सूत्रों के मुताबिक, आरेजडी सुप्रीमो लालू से 50 से अधिक सवाल किए गए हैं। उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिया। बिहार सरकार से बाहर होने के अगले ही दिन सोमवार को लालू यादव पर एक्शन लिया है। पूछताछ के लिए उन्हें ईडी दफ्तर बुलाया गया। अपनी बेटी मीसा भारती के साथ सुबह 11 बजे पहुंचे थे। लालू के निकले ही समर्थकों ने नारे लगाए।



सुबह 11 बजे पहुंचे दफ्तर बाहर समर्थक करते रहे हंगामा

### फेसबुक पर पोस्ट कर बंबीहा गैंग ने ली जिम्मेदारी

# लारेंस गैंग के शूटर राजन की हत्या कर शव जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

लारेंस बिश्नोई गैंग के शूटर कुरुक्षेत्र के गांव मेहरा निवासी राजन की हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद शव को यमुनानगर के गांव गुलाबगढ़ के पास जला दिया। राजन की हत्या की जिम्मेदारी बंबीहा गैंग ने ली है। इस बारे में फेसबुक पर पोस्ट डाली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह 11 बजे गांव गुलाबगढ़ के लोग जब खेतों में जाने लगे तो उन्हें सड़क किनारे जली हालत में एक युवक का शव देखा। चेहरा छोड़कर शव का बाकि हिस्सा जल चुका था। गांव वालों ने सूचना पुलिस को दी।

#### ऐसे हुआ खुलासा

सदर यमुनानगर थाना प्रभारी जोगिंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहंचे। मगर शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। बाद में फेसबुक पर पोस्ट वायरल हुई। इसमें पता चला कि यह शव लारेंस बिश्नोई गैंग के शूटर कुरुक्षेत्र के गांव मेहरा निवासी राजन का है। पुलिस ने उसके मौसेरे भाई प्रिंस से शिनाख्त करवाई।



#### फेसबुक पर डाली पोस्ट

फेसबुक पर जो पोस्ट डाली गई थी वह देवेंद्र बंबीहा नाम के पेज से पोस्ट की गई है। जिसमें लिखा था, सत श्री अकाल। रात जो राजन कुरुक्षेत्र का कत्ल हुआ। वह कत्ल लक्की पटियाल व अर्श डल्ला ने करवाया है। इसने लारेंस व विष्णु के कहने पर लक्ष्मण देवासी सांचौर का मर्डर किया था। यह भगौड़ा चल रहा था। इसको तिहाड़ से उठाकर चंगा मान तान करके यमुनानगर के पास गोली मारी है।

### चुनाव आयोग का ऐलान, 27 को वोटिंग इसी दिन परिणाम

# 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने ऐलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य 2 अप्रैल व 6 सदस्य 3 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं।

#### किस राज्य की कितनी सीटें

| राज्य | सीट | राज्य | सीट | राज्य | सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 3 | हिमाचल | 1 | उत्तर प्रदेश | 10 |
| बिहार | 6 | कर्नाटक | 4 | उत्तराखंड | 1 |
| छत्तीसगढ़ | 1 | मध्य प्रदेश | 5 | पश्चिम बंगाल | 5 |
| गुजरात | 4 | महाराष्ट | 6 | ओडिशा | 3 |
| हरियाणा | 1 | तेलंगाना | 3 | राजस्थान | 3 |

#### इनका कार्यकाल इसी साल खत्म होगा

इस साल जिनका कार्यकाल खत्म होने वाला है उनमें केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह शामिल हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी इसी साल खत्म हो रहा है। नड्डा अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं।

# जींद: दो बाइक भिड़ीं तीन युवकों की मौत

### मरने वाले तीनों अपने परिवार के इकलौते बेटे थे

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** गांव ईगराह के पास नील गाय सामने आने से दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों ईगराह के रहने वाले थे और अपने परिवारों के इकलौते चिराग थे। सदर थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना के जांच अधिकारी वजीर सिंह ने बताया कि ईगराह निवासी प्रिंस (15), उसका दोस्त विकास(15) बाइक पर सवार होकर बस अड्डे की तरफ आ रहे थे। वहीं, गांव का जगबीर (24) बाइक पर शहर से गांव की तरफ लौट रहा था। सड़क पर अचानक नील गाय आ गई। उससे बचने के फेर में दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि विकास की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

#### गांव ईगराह के पास नील गाय सामने आने से भीषण हादसा, एक बाइक पर दो और दूसरी पर एक युवक सवार था

दुर्घटनाग्रस्त हुई बाइक





जगबीर



प्रिंस

केंद्रीय बजट 2023-24 को लेकर

# सरकार ने आज सुबह बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने मंगलवार सुबह 11.30 बजे केंद्रीय बजट 2023-24 को लेकर सभी दलों से इस चर्चा में शामिल होने की अपील की है। बता दें यह पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट है। इसमें सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए अपना एजेंडा सामने रखेगी। सरकार दलों को अपने मुद्दों के बारे में बतलाएगी। इस सर्वदलीय बैठक में सरकार सभी राजनीतिक दलों से बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपील करेगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इस बैठक में बजट सत्र के एजेंडे को लेकर चर्चा होगी। इसके लिए दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी।

**बजट सत्र कल से शुरू होगा**

■

वित्त मंत्री एक फरवरी को पेश करेंगी बजट

**सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट सत्र**

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्य के लिए गांव के सुपुर्द किया अपना बनियानी में घर

*मनोहर बोले, यह माता-पिता की निशानी है, बचपन व पढ़ाई का समय गांव में बीता, बनियानी गांव मेरे लिए दर्शनीय*

# सीएम मनोहर लाल के पैतृक मकान में बनेगी ई-लाइब्रेरी

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक के गांव बनियानी में स्थित अपने पैतृक मकान को सामाजिक कार्य के लिए गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री रोहतक से भिवानी जाते समय गांव बनियानी पहुंचे और अपने पैतृक घर पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष सामाजिक कार्य के लिए अपने मकान को गांव के सुपुर्द करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जोरदार तालियां बजाकर व नारे लगाकर स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि यह गांव उनके लिए दर्शनीय है, क्योंकि उनका बचपन यहां बीता है और पढ़ाई भी यहीं पर रहकर की है।

#### 200 गज का मकान

यह मकान उनके माता-पिता की निशानी है, जो उन्होंने उनके नाम किया था। उन्होंने कहा कि यह घर आज वे गांव को सुपुर्द कर रहे हैं। उन्होंने अपने मकान के साथ लगते चाचा के बेटे के मकान को भी गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों घरों को मिलाकर यह लगभग 200 गज का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि इस मकान में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।



#### ऐसी होगी ई-लाइब्रेरी

ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर के अलावा किताबें उपलब्ध करवाई जाएंगी। बुजुर्गों की रुचि के मुताबिक यहां किताबें भी उपलब्ध होंगी। सीएम ने कहा कि वे चाहते हैं कि इस मकान का सदुपयोग हो, बच्चे यहां बैठकर पढ़े-लिखें और अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। इस उद्देश्य से गांव की समिति का गठन किया जाएगा, जो इसकी पूरी देखरेख करेगी।

#### यह जगह मेरे लिए यादगार

मुख्यमंत्री ने भिवानी रोड से मोखरा रोड तक बनियानी माइनर के साथ सड़क निर्माण के प्रस्ताव को लेकर किसानों से चर्चा की। मुख्यमंत्री गांव में ही राजकुमार के मकान पर भी गए। यहां भी उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और कहा कि यह जगह मेरे लिए यादगार है, क्योंकि यहां उनका बचपन यहीं बीता है।

# भारतीय डेविस कप टीम के लिए इस्लामाबाद में 'राष्ट्र प्रमुख' जैसी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। पाकिस्तान टेनिस महासंघ सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है।

### सुरक्षा की चार से पांच परतें

पीटीएफ के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है, इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। मैं इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक के रूप में, यात्रा के दौरान उनके साथ हूं।' भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता हर सुबह करेगी जांच

रहमान ने कहा, 'यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहती हैं। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करती हैं, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी।'



### सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

*इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड, इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।*

### पाकिस्तान के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी

भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा को लेकर काफी हद तक निश्चित है, लेकिन यह स्पष्ट है कि खिलाड़ी सतर्क रहेंगे।भारत के एक खिलाड़ी ने कहा, 'हम यहां पहली बार हैं। हां, कुछ चीजें हैं जो आपके दिमाग में चलती हैं। हमने पाकिस्तान के बारे में सिर्फ बातें सुनी हैं, इसलिए एक छवि बन गई है। पाकिस्तान में कैसे हालात हैं, इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमें दो दिन का समय दीजिए।'

### 500 प्रशंसकों को मिली अनुमति

पाकिस्तान ने अपनी ताकत के अनुरुप खेलने के लिए ग्रास कोर्ट को चुना लेकिन मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का पूर्ण रूप से फायदा नहीं उठा पाएगी क्योंकि अधिकतम 500 प्रशंसकों को ही मैच देखने की अनुमति होगी। पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ऐसाम-उल-हक कुरैशी ने कहा, यह कठिन है। आईटीएफ ने हमें सुरक्षा कारणों से बहुत अधिक मेहमानों या दर्शकों की मेजबानी करने की अनुमति नहीं देता है। यह कुछ ऐसा है जिसे हमें मानना होगा।




### मेजबानी सममान की बात

रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं।'पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिये। उन्होंने कहा, 'अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं, तो रेस्तरां में जाएं। मैं उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहूंगा। उन्होंने अचूक सुरक्षा मांगी है और इसलिए ऐसी व्यवस्था की है। यह अब भारतीय खिलाड़ियों पर निर्भर है।'

## खबर संक्षेप



### बुमराह को लगी फटकार एक डिमेरिट अंक जुड़ा

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और उसकी वजह से अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का अपराध है। उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया क्योंकि 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर की है।

### साबले, पारुल अमेरिका में करेंगे कठोर अभ्यास

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवानों अंशू मलिक और सरिता मोर को क्रमशः जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे।



### निकहत, लवलीना स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली।** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन उन 19 मुक्केबाजों में शामिल है जो एक फरवरी से बुल्गारिया के सोफिया में शुरू होने वाले 'स्ट्रैंड्जा मेमोरियल' मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 'स्ट्रैंड्जा मेमोरियल' में भाग लेने वाली टीम फरवरी के आखिर में ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीम से अलग है।

### हरियाणा की संजना ने भारोत्तोलन में जीता गोल्ड


**चेन्नई।** हरियाणा की संजना ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अपने राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की सयाली वानी ने शानदार वापसी करते हुए लड़कियों के एकल टेबल टेनिस का स्वर्ण पदक हासिल किया। संजना ने 86 किग्रा के अपने पिछले स्नैच रिकॉर्ड में दो बार सुधार करते हुए 87 और 90 किग्रा का भार उठाया। वह क्लीन एवं जर्क के पहले और तीसरे प्रयास में क्रमशः 113 किग्रा और 116 किग्रा भार उठाने में सफल रही। महाराष्ट्र की ग्रीष्मा थोराट ने कुल 167 किलोग्राम वजन उठाकर रजत जीता। उत्तर प्रदेश के भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने भी लड़कों के 96 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए 160 किग्रा वजन उठाया।

### क्रिकेट : भारत 2 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा दूसरा टेस्ट मुकाबला

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, जडेजा और राहुल बाहर, सरफराज की एंट्री

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लगे हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होकर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से हो रही है। जडेजा को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जबकि राहुल को क्वाड्रिसेप्स चोट की शिकायत है।बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया के संकटमोचक के तौर पर उभरे थे। पहली पारी में राहुल ने 86 रन, जबकि जडेजा ने 87 रन बनाए थे। हालांकि, इन पारियों के बावजूद टीम इंडिया पहला टेस्ट हार गई थी।




**भारतीय टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### सरफराज को नौ साल बाद मिली जगह

*सरफराज पिछले कुछ सीजन में घरेलू क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए टीम चुनते वक्त उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। सरफराज ने दिसंबर 2014 में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था। उन्होंने 45 फर्स्ट क्लास मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें नाबाद 301 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। पिछले काफी समय से उनकी टीम में एंट्री की मांग की जा रही थी और अब यह मौका आ गया है।*

### सुंदर के चार टेस्ट में छह विकेट

वहीं, सुंदर भारत के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने छह विकेट लिए हैं। 89 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा सुंदर ने 66.25 की औसत से 265 रन भी बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 96 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। सुंदर 26 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 55 विकेट लिए। 87 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वहीं, उन्होंने 31.91 की औसत से 1085 रन भी बनाए हैं। 159 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है।



### स्पिनर सौरभ आलराउंडर खिलाड़ी

30 साल के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं कर सके हैं। वह 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 290 विकेट ले चुके हैं। 64 रन देकर आठ विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा वह 27.11 की औसत से 2061 रन भी बना चुके हैं। 133 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो शतक और 12 अर्धशतक लगा चुके हैं।



# मंदीप ने अमेरिका में जीता इंटरकान्टिनेंटल खिताब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' का 'इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा ओलंपिक के पूर्व रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

मंदीप अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा। जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले जांगड़ा ने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। जांगड़ा ने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। फ्लोरिडा स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन' पेशेवर मुकाबलों के लिए मान्यता प्राप्त संस्था है।

### हार भारत के लिए खतरे की घंटी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि हैदराबाद टेस्ट में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए कि इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति धीमी पिचों पर भी प्रभावी है। इंग्लैंड ने पहली गेंद से ही आक्रमण की 'बैजबॉल' रणनीति अपनाने के बाद से एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। पहले टेस्ट में ओली पोप के 196 रन की मदद से उसने भारत को 28 रन से हराया। पोप ने रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को सहजता से खेला और भारतीय स्पिन तिकड़ी को दूसरी पारी में बेअसर कर दिया।

## लाड्र्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव विव पिंडवाडा पर बड़ी जीत दर्ज की



- श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में नार्थ वेस्ट जोन इंटर विवि क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज
- 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए माधव यूनिवर्सिटी 69 रन पर सिमटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/झुंझुनू

श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में लाड्र्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा को 86 रन से रौंदते हुए बडी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। विकास सीकरवार के शानदार अर्धशतक की बदौलत लाड्र्स यूनिवर्सिटी ने 8 विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन विकास के पंजे की बदौलत माधव यूनिवर्सिटी की टीम 69 रन पर सिमट गई। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से शुरू हुई नार्थ वेस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला ने किया। इस टूर्नामेंट में राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा की 58 यूनिवर्सिटी की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला लाड्र्स यूनिवर्सिटी अलवर और माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा के बीच खेला गया। लाड्र्स यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विकास सीकरवार के शानदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। लाड्र्स यूनिवर्सिटी की ओर से विकास सीकरवार ने 52 गेंद पर 8 चैके व एक छक्के के साथ 69 रन बनाए, जबकि श्याम ने 32 गेंद पर 31 रन, आयुष त्यागी ने 23 गेंद पर 21 रन बनाए। माधव यूनिवर्सिटी की ओर से ललित ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट और जयंती ने 1 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट चटकाए। 156 के लक्ष्य का पीछे करने उतरी माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा की टीम के ओपनर बल्लेबाज मोहित ने पहले ओवर में ही एक चौके व छक्के के साथ अपने इरादे जाहिर कर दिए। लेकिन दूसरे ओवर में विकास ने मोहित समेत तीन बल्लेबाजों के विकेट चटकाते हुए मैच का रूख ही बदल दिया। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सागर गौतम ने अंत तक एक छोर संभालते हुए 38 रन बनाए, लेकिन विकास और आयुष की घातक गेंदबाजी के आगे दूसरे छोर पर बल्लेबाज टिक नहीं पाए और माधव यूनिवर्सिटी की पूरी टीम 14.3 ओवर में 69 रन पर सिमट गई।

### सोनम ने विश्व कप में डेब्यू के साथ जीता रजत पदक

**काहिरा।** पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्र के पहले विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

**मनिंदर सिंह ने दागे चार गोल**

## हॉकी-5 विश्व कप : भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ मस्कट

मनिंदर सिंह के चार गोल की मदद से भारत ने जमैका को तीसरे और आखिरी पूल मैच में 13-0 से हराकर एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिंदर ने दूसरे मिनट में दो गोल करने के बाद 28वें और 29वें मिनट में गोल दागे। ये चारों फील्ड गोल थे। इसके अलावा मनजीत (पांचवां और 24वां), राहील मोहम्मद (16वां और 27वां) और मनदीप मोर (23वां और 27वां) ने दो दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह (पांचवां), पवन राजभर (नौवां) और गुरजोत सिंह (14वां) ने एक एक गोल किया। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक हॉकी दिखाई और मनिंदर सिंह ने लगातार दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम और मनजीत के एक एक गोल से पहले छह मिनट में स्कोर 4-0 हो गया। अच्छी बढ़त बनाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हमले बोलना बंद नहीं किया। पवन ओर गुरजोत ने गोल करके हाफटाइम तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी यही कहानी रही और गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत काफी आगे रहा। राहील, मनदीप, मनजीत और मनिंदर ने गोल करके भारत को बड़ी जीत दिलाई।



### भारत ने घोषित की 23 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच शुक्ला दत्ता ने शुक्रवार से ढाका में होने वाली सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय टीम घोषित की। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश के लिए रवाना होगी और अपना पहला मैच दो फरवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम चार फरवरी को बांग्लादेश जबकि छह फरवरी को नेपाल से भिड़ेगी। फाइनल आठ फरवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच ढाका के बीएसएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में होंगे।



### अंडर 19 विश्व कप : टीम इंडिया ने दर्ज की है लगातार तीन जीत

# भारत का सुपर सिक्स में न्यूजीलैंड से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ ब्लोमफोंटेन

लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी। ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है जहां उसने तीनों मैच जीते हैं।

वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसे हालात के अनुरुप ढलना होगा। भारत ने बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराया है। पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ परेशानी आई लेकिन बाकी दोनों मैचों में भारत ने शानदार जीत दर्ज की।



### फार्म में भारतीय बल्लेबाज

*भारत के लिए हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने लगातार अच्छी पारियां खेली है। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। आदर्श सिंह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा । सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास शतक के बाद बढ़ा होगा। कप्तान उदय सहारन ने भी अच्छी पारियां खेली हैं और वह इसे कायम रखना चाहेंगे।*

### जूझ रहा न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रहा लेकिन उसके बल्लेबाज जूझते दिखाई दिए। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे एक विकेट से जीत मिली जबकि पाकिस्तान ने उसे 10 विकेट से हराया। भारतीय बल्लेबाजों के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी बड़ा स्कोर बनाना होगा। दोनों टीमों की नजरें नेट रनरेट पर भी होंगी।

## चिंतन

# जाति-धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलें हम

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की एक बड़ी समस्या जाति-धर्म के उल्लेख की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश संविधान की आकांक्षा के अनुरूप है, प्रगतिशील है व स्वागतयोग्य है। भारतीय समाज जाति व धर्म की संकीर्णता से जकड़ा हुआ है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिक एक समान हैं, सभी को समान मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी जातिवाद व धर्मवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहे हैं। आजादी के करीब 77 साल होने के बावजूद भारत ने कानूनी तौर पर जातिवाद से मुक्ति नहीं पाई है। जातिवाद को खत्म करने की दिशा में आजादी के बाद ही राजनीतिक व सरकारी प्रयास होने चाहिए थे। संविधान में सबको समान अधिकार दे दिए जाने के बाद मान लिया गया कि देश से जातिवाद की कुप्रथा खत्म हो जाएगी। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने खुद एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति की विनाश) नाम से पुस्तक लिखी थी और संविधान में मौलिक अधिकारों में सबको समान होने की भावना का समावेश किया था। उन्होंने जातिगत आरक्षण की व्यवस्था भी केवल दस साल के लिए ही की थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने जातिगत आरक्षण को अनवरत जारी रखा। आज जातिगत राजनीति के चलते समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी होती गई हैं। वोट बैंक के लिए देश में जाति जनगणना को अंजाम दिया गया है। थाने, शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर नौकरियों के फार्म भरने, जनगणना व अदालती कार्यवाही तक लोगों की जाति व धर्म का उल्लेख किया जाता है, जो संविधान की भावना का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उचित ही कहा है, 'हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है। सरकार अगर चाहेगी तो, देश से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। सरकार नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाने को प्रतिबंधित कर सकती है, आम नागरिक भी स्वेच्छा से अपने व अपने बच्चों के नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाना बंद कर सकते हैं। कम से कम कोर्ट कचहरी, थाना समेत सभी सरकारी क्रियाकलापों में जाति व धर्म का उल्लेख बंद होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार जातिमुक्त आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना व्यक्त की है। हमें सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए और जाति व धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलना चाहिए।

# नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का



राजनीती
अवधेश कुमार

नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम करेंगे। नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी दरक गई है। सच कहा जाए तो नीतीश के पाला बदलने के साथ इंडिया एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया है।

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है, जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाते हैं। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बहुत कुछ नहीं कहा। बावजूद इतना तो कहा ही कि हमने विरोधी दलों को इकट्ठा करने की कोशिश की, काम करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा था, अच्छा नहीं चल रहा था। यह भी कहा कि बहुत दिनों से तो मैंने बोलना ही बंद कर दिया था। दूसरी ओर दिल्ली में इस समय नीतीश कुमार के विश्वसनीय रणनीतिकार एवं पार्टी के नेता केसी त्यागी ने आईएनडीआईए की अंदरुनी स्थिति और उसमें भी कांग्रेस के व्यवहार पर ज्यादा टिप्पणी की। उनके पूरे वक्तव्य का अर्थ यही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले की आईएनडीआईए में तैयारी तो नहीं ही थी, बल्कि एक दूसरे के विरुद्ध नेता और पार्टियां काम कर रहे थे। इसमें उन्होंने कांग्रेस को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें मलाल है कि एक मरी हुई कांग्रेस पार्टी को भी हमने नेताओं के दरवाजे जा-जाकर जीवित कर दिया। जिस व्यक्ति ने सबसे पहले विपक्षी एकता की आवाज उठाई, जिसने विचार दिया कि भाजपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए तो ये सत्ता से हट जाएंगे, जिसने भाजपा को 150 सीटों से नीचे से सिमटाने की बात की, यदि वही बाहर आ गया तो भाजपा विरोधी दलों या पूरी राजनीति के लिए लोकसभा चुनाव के पूर्व इससे



बड़ा आघात कुछ नहीं हो सकता है? नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए (इंडिया) पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी 'इंडिया' के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें , अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है।

नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की तस्वीर तो यह है ही। सच कहा जाए तो नीतीश कुमार के पाला बदलने के साथ आईएनडीआईए एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया। ध्यान रखिए नीतीश कुमार के अंदर 2010 से ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेतृत्व करने की छटपटाहट देखी है। वो हार मान कर अपनी आकांक्षा को बलि चढ़ा रहे हैं तो यह सामान्य पाला बदृ की घटना नहीं है। इस नाते बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? कारण, इस घटना के साथ विचारधारा जुड़ी है। नीतीश कुमार ने राजग से अलग होने के बाद भाजपा पर सांप्रदायिकता एवं समाज को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। आईएनडीआईए के गठन के पीछे भाजपा विरोधी दल विचारधारा की आवाज उठा रहे थे। नीतीश भी यही कह रहे थे कि ये लोग समाज को तोड़ने वाले हैं। मोदी व भाजपा विरोधी राजनीति को सांप्रदायिकता बनाम सेक्युलरवाद का चरित्र देने की कोशिश थी। इसके साथ कांग्रेस सहित कई पार्टियों ने लोकतंत्र और संविधान बचाने की बात की और राहुल गांधी लगातार यही बोल रहे हैं। नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है। कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। बहुमत हिन्दुत्व के साथ है और उसे विपक्ष की राजनीति स्वीकार नहीं है। नीतीश कुमार को 22 जनवरी के बिहार को देखने के बाद इसका सम्पूर्ण एहसास हो गया होगा। कारण, बिहार में ऐसा कोई शहर और गांव नहीं जहां अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम नहीं हुए। हर पार्टी के अंदर ऐसे लोग खड़े हुए जिन्होंने अपने नेताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को गलत कहा। कॉन्ग्रेस के कई नेता तो सामने आकर इसके विरोध में वक्तव्य देने से भी नहीं चुके। नीतीश कुमार के निर्णय के पीछे प्राण प्रतिष्ठा भी एक प्रमुख कारक है। देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा संग का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। संभव है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। निश्चित मानिए आने वाले समय में तमिलनाडु में भी कुछ दल भाजपा के साथ आएंगे तो कुछ नेता विरोध परित्याग कर चुनाव में गठबंधन करने की कोशिश करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शिक्षा व्यवस्था
अलका आर्य




# कोचिंग सेंटरों पर अंकुश कितना प्रभावी होगा!

देश का कोई छोटा कस्बा हो या बड़ा शहर, छोटी बस्ती हो या पॉश इलाका, अक्सर यहां पर एक सामान्य दृश्य जो नजर आता है, वह है छात्रों की भीड़ और कोचिंग संस्थानों के लटकते बोर्ड। जैसे ही नया शैक्षाणिक सत्र शुरू होता है, उसके समानांतर ही कोचिंग संस्थानों के इश्तहार व होंर्डिग अपनी-अपनी जगह पर सज जाते हैं। कोचिंग संस्कृति, कोचिंग बाजार की पकड़ भारत में बहुत मजबूत है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा सवाल है। नई शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षा सहित माध्यमिक स्कूल परीक्षाओं की वर्तमान प्रवत्ति और आज की कोचिंग संस्कृति विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय स्तर पर बहुत नुकसान कर रही है। इनके चलते विद्यार्थी अपना कीमती समय सार्थक अध्ययन की बजाए परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा कोचिंग करने में खर्च कर रहे हैं।' राजस्थान का कोटा शहर जोकि इंजीनियरिंग व मेडिकल की प्रवेश परीक्षा का कोचिंग हब है, वहां बीते साल 2023 में 28 छात्रों ने पढ़ाई के तनाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। देश में गाहे-बगाहे कोचिंग संस्थानों पर छात्रों पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगाया जाता है और इसके साथ ही ऐसे संस्थान प्रतियोगिता की मौजूदा होड़ का समाधान देने का भी दावा करते हैं। बहरहाल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के मद्देनजर व समाज के एक तबके की आवाज को महत्व देते हुए हाल में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुल्क में कोचिंग संस्थान 16 साल से कम आयु के बच्चों को अपने यहां दाखिला नहीं दे सकेंगे। कोचिंग में नामांकन सेकंडरी यानी 10वीं कक्षा की परीक्षा के बाद ही हो सकेगा। ऐसे संस्थान बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को भ्रामक वादे, रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं दे सकेंगे। कोचिंग संस्थान अपनी गुणवत्ता, सुविधाओं या अपने यहां पढ़े छात्रों के परिणामों के बारे में प्रत्यक्ष या परोक्ष दावा भी नहीं करेंगे। ऐसे कई दिशा-निर्देश केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में देशभर में संचालित हजारों कोचिंग केंद्रों के लिए जारी किए हैं। कोचिंग केंद्र के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा-निर्देश 2024' नाम से जारी गाइडलाइन में कई अहम बातों का उल्लेख है। दिशा-निर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योगयता वाले शिक्षक नहीं रख सकेंगे। पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा और इसके बाद ही कोचिंग शुरू हो सकेगी। छात्रों के लिए जरूरी जगह व संसाधन नहीं है तो पंजीकरण नहीं होगा। सभी पंजीकृत छात्रों को नोट्स व पाठ्यसामग्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देनी होगी। स्कूल समय अवधि में कोचिंग नहीं होगी। ऐसी डमी स्कूलों से बचने के लिए है। छात्रों के टेस्ट के परिणाम सार्वजनिक नहीं करेंगे। इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा अन्य विकल्प बताने होंगे।

नई शिक्षा नीति में भी ऐसा जिक्र है-ये परीक्षाएं विद्याार्थियों को चुनाव के विकल्पों में लचीलापन जो कि भविष्य की व्यक्ति केंद्रित शिक्षा प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण होगा-देने के बजाए उन्हें किसी खास स्ट्रीम में संकुचित दायरे में ही तैयार करने के लिए मजबूर करती है।' दिशा-निर्देशों के उल्लघंन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान किया गया है। शिक्षा विभाग की दलील ऐसे दिशा-निर्देशों को जारी करने के पीछे यह है कि छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, कक्षाओं में आग लगने की घटनाओं व कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं की कमी है। मंत्रालय ने कहा है कि इसका मकसद संस्थानों को विनियमित करने के लिए कानूनी ढांचे की जरूरत पूरी करना और इसकी बढ़ती संख्या रोकना है। क्या ऐसे दिशा-निर्देश प्रभावी होंगे। क्या यह व्यावहारिक बदलाव लाएंगे या 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मिलने वाली कोचिंग का मौजूदा स्वरूप नया रूप ले लेगा। शिक्षा मंत्रालय, विभाग को इस पर गहन मंथन बहुत पहले ही करना चाहिए था कि आखिर बच्चों, किशोरों को स्कूल से बाहर कोचिंग, ट्यूशन की जरूरत क्यों पड़ती है? अब क्या जमीनी स्तर पर 16 साल से कम आयु के छात्र कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हुए नजर नहीं आएंगे। यहां पर हाल ही में जारी असर रिपोर्ट का जिक्र करना प्रासगिंक है जो स्कूली शिक्षा के स्तर पर रोशनी डालती है। देश में 14-18 साल की आयु के 87 प्रतिशत से अधिक युवा स्कूल-कॉलेज में बेशक पढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें से एक चौथाई अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर का पाठ नहीं पढ़ पाते। यह रिपोर्ट देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में सरकारी व निजी दोनों संस्थानों में नामांकित 34,745 किशोरों के सर्वेक्षण पर आधारित है। ये दिशा-निर्देश कितने प्रभावी होंगे,यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नशे को न कहें युवा

नशा नासूर बन गया है। देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश के विकास को रफ्तार दे सकते हैं। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है। साथ ही उसके घर परिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है। हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। नशा युवा पीढ़ी को कमजोर करता है, इसलिए नशे को न कहें।

*- विकास उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### परीक्षा पर चर्चा



प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों से ये सातवां संवाद है जो तनावमुक्त, भयमुक्त और सकारात्मक प्रभाव डालते हुए हर परिस्थिति का सामना करने और जीतने की प्रेरणा देता है। छात्रों को दिए गए उनके मंत्र उनके विवेक को बढ़ाएंगे।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### गुस्सा पैदा हो रहा



युवा से पूछिए कि वे क्या करना चाहते हैं? वे बताएंगे कि रोजगार चाहिए। सच्चाई ये है कि आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। युवा सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे, जिसके कारण उनके दिल में नफरत और गुस्सा पैदा हो रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**


### इंसान से गलती



हम सभी गलतियां करते हैं। कभी-कभी अच्छे लोग गलत चुनाव कर लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे बुरे हैं, इसका मतलब है कि वे इंसान हैं और इंसान से ही गलती होती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

### जन्म सिद्ध हुआ



दर्शन पाकर एक जन्म सिद्ध हुआ, राम प्रकट हुए इस युग में, यह युग भी सिद्ध हुआ, ऐसी शुभ घड़ी जैसे जगत का कल्याण हो रहा, मनुष्यों, जीवों में सदभावना हो रही। सत्य निष्ठा पूर्ण प्रार्थनाओं का श्रव्य महादेव तक हो रहा हो।

**-कैलाश खेर, गीतकार**

## करंट अफेयर


# मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लाने तैयार



मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाला मुख्य विपक्षी दल एमडीपी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव रखने की तैयारी कर रहा है। खबरों में यह दावा किया गया। इससे पहले रविवार को संसद में सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों को लेकर विवाद हो गया था। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया, जिसके बाद सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम) गठबंधन के सरकार समर्थक सांसदों ने संसदीय कार्यवाही में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया। 'सन डॉट कॉम' ने एमडीपी के एक सांसद के हवाले से कहा, 'एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त संख्या में हस्ताक्षर करा लिए हैं। हालांकि, उन्होंने अभी इसे जमा नहीं किया है।' 'द एडिशन डॉट एमवी' की खबर के अनुसार एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार को हुई बैठक में महाभियोग प्रस्ताव को जमा करने का फैसला सर्वसम्मति से किया गया।

## ऑफ बीट

# जिनकी हम परवाह करते हैं यह संख्या सीमित हैं



जीवन यापन की लागत का संकट, कोविड, जलवायु परिवर्तन और कई वैश्विक संघर्षों और शरणार्थी संकटों के बीच जब इन सबके कारण परेशान होने वाले लोगों के बारे में सोचते हैं, तो हम यह कैसे तय करें कि हमें अपनी करुणा को कहाँ निर्देशित करना है? एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से खंडित होती जा रही है, हम यह पता लगाना चाहते थे कि क्या लोग 'हम' और 'वह' के बीच विभाजन को पाट सकते हैं – दूसरों की मदद करने की इच्छा की भावना को बढ़ाने के लिए, जो आम तौर पर उनके 'नैतिक दायरे' से परे होते हैं। हमने पाया कि करुणा प्रशिक्षण की आश्चर्यजनक रूप से छोटी अवधि किसी व्यक्ति के उस निकटतम दायरे से परे लोगों की संख्या को बढ़ा सकती है, जिनकी वह परवाह करता है। यह समझना कि हमारे लिए कौन सबसे अधिक मायने रखता है, सभी नैतिक संबंध समान नहीं होते हैं। यदि परेशान व्यक्ति हमारा बच्चा, हमारा साथी, हमारा दोस्त है, तो हम मदद करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन जब किसी अनजान अजनबी, या ग्रह के दूसरी ओर के किसी व्यक्ति की पीड़ा का सामना करना पड़ता है, तो मदद करने की हमारी प्रेरणा कम हो जाती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### हाई स्पीड रेल गलियारे में 28 भूकंपमापी लगाए जाएंगे



**मुंबई (भाषा)।** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद 'बुलेट ट्रेन' गलियारे के लिए 28 भूकंपमापी लगाए जाएंगे। एनएचएसआरसीएल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यात्रियों और अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जापान की शिंकनसेन प्रौद्योगिकी पर आधारित 'भूकंप निगरानी प्रणाली' स्थापित की जाएगी। इसमें कहा गया है, ''28 भूकंपमापी में से 22 मार्ग पर स्थापित किए जाएंगे। इनमें से आठ महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, विरार और बोईसर में, जबकि 14 वापी में लगाए जाएंगे।

### उपराष्ट्रपति ने नटराज मंदिर में प्रार्थना की

**चेन्नई (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को चिदम्बरम के प्रसिद्ध थिल्लई नटराज मंदिर समेत तमिलनाडु के दो मंदिरों में प्रार्थना की। चिदम्बरम कडलूर जिले में है। उपराष्ट्रपति के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से किये गये पोस्ट में धनखड़ के हवाले से कहा गया है, '' चिदम्बरम के थिल्लई नटराज मंदिर का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और समस्त देशवासियों के कल्याण के लिये प्रार्थना की। भगवान नटराज भारत को शांति, समृद्धि और खुशी का आशीर्वाद देते रहें।'



### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने उत्सवों की सूची तैयार की

**अयोध्या (उप्र) (भाषा)।** अयोध्या स्थित नवनिर्मित राम मंदिर में आगामी 14 फरवरी को बसंत पंचमी उत्सव को भव्य स्तर पर मनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने विभिन्न हिन्दू पर्वों की एक सूची तैयार की है जिन्हें साल की 12 महत्वपूर्ण तिथियों पर मंदिर में मनाया जा सकता है। न्यास के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि रामलला के मंदिर में विराजमान होने के बाद अब सभी धार्मिक आयोजनों और त्योहारों को हिंदू परंपराओं के अनुसार मनाने की तैयारी की जा रही है।



# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

**आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त, इनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर**

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है। यह सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले नायकों के सपनों की हत्या और वंचित वर्गों की भागीदारी ख़त्म करने का प्रयास है।'' राहुल गांधी ने कहा कि यही 'सांकेतिक राजनीति' और 'वास्तविक न्याय' के बीच का फर्क है और यही भाजपा का चरित्र है।



### आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं कर सकते, यूजीसी के सुझाव 'खारिज'

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया था कि किसी भी आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जा सकता। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशा-निर्देशों के बाद आया। यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों में प्रस्ताव किया गया था कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। 'उच्च शिक्षा संस्थानों में भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश' हितधारकों की आपत्ति और सुझाव के लिए जारी किए गए थे। शिक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (शिक्षकों के संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार शिक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के सभी पदों के लिए केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद, किसी भी आरक्षित पद का आरक्षण समाप्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) को 2019 अधिनियम के अनुसार रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए हैं। इस मुद्दे पर यूजीसी अध्यक्ष एम जगदेश कुमार ने भी स्पष्ट किया कि अतीत में केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों (सीईआई) में आरक्षित श्रेणी के पद का आरक्षण रद्द नहीं किया गया और ऐसा कोई आरक्षण समाप्त नहीं किया जाने वाला है।

### आरएसएस और भाजपा की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है : राहुल गांधी

**किशनगंज (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है। अपनी ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के तहत यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग शासन के दौरान विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग आपस लड़ रहे हैं। गांधी अपनी इस यात्रा के तहत ऐसे समय में बिहार आए हैं जब कांग्रेस के पूर्व सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन पहले फिर से पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले गए। यह 2020 में विधानसभा चुनावों में प्रचार के बाद से उनका पहला बिहार दौरा था। उन्होंने (आरएसएस और भाजपा) देश में यही माहौल बना दिया है। हम (कांग्रेस) लोगों को एकजुट करने के लिए काम करते हैं... हम ''नफरत के बाजार'' में ''मोहब्बत की दुकान'' खोलना चाहते हैं किशनगंज पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बिहार में कांग्रेस सांसद गांधी का स्वागत किया। किशनगंज सीमांचल क्षेत्र का एक जिला है जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा है।



केंद्रीय मंत्री ने किया बड़ा दावा

# मैं गारंटी देता हूं, 7 दिन में लागू होगा सीएए : शांतनु

### ये उनकी राजनीति, हमने सबको नागरिकता दी : ममता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने रविवार को कहा कि मैं गांरटी देता हूं कि देशभर में 7 दिनों के अंदर नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो जाएगा। ठाकुर दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ही नहीं, देशभर में अगले 7 दिनों के अंदर सीएए लागू हो जाएगा। ठाकुर बनगांव से भाजपा के सांसद हैं। इसे लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा अब सीएए का शोर मचा रही है। ये उनकी राजनीति है। हमने सभी को नागरिकता दी है और जो लोग बॉर्डर इलाकों में रह रहे हैं उन्हें सब कुछ दिया जा रहा है। वे राज्य के नागरिक हैं, इसलिए उन्हें वोट डालने का अधिकार मिला हुआ है।

**ये कहा था अमित शाह ने**

इससे पहले कोलकाता में पिछले साल दिसंबर में एक रैली के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और तुष्टीकरण के मुद्दों पर ममता बनर्जी को घेरा था। उन्होंने लोगों से ममता सरकार को बंगाल से हटाने और 2026 विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनने का आग्रह किया था। शाह के बयान पर ममता ने कहा था- वे लोगों को विभाजित करना चाहते हैं।

### निजी शिक्षण संस्थान सभी के लिए शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करें: मनोज सिन्हा

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को शिक्षा क्षेत्र में बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों को अवश्य ऐसे उपाय करने चाहिए जिससे शिक्षा सभी वर्गों खासकर समाज के कमजोर तबके के लिए सुलभ हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज में एक नया विश्वास जगाया है और भारत के प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित किया है। सिन्हा ने जम्मू के मिरान साहिब में एशियन स्कूल के नये परिसर के उद्घाटन से संबंधित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''शिक्षा क्षेत्र का बदलाव हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। निजी शैक्षिक संस्थान को अवश्य ऐसे उपाय करने चाहिए ताकि शिक्षा सभी के लिए सुलभ एवं किफायती हो तथा समाज का कमजोर तबका भी लाभान्वित हो एवं शिक्षा क्षेत्र वाकई समावेशी हो। उत्तराखंड के देहरादून के इस प्रतिष्ठित सह-शिक्षा आवासीय विद्यालय ने जम्मू में अपनी शाखा शुरू की है। इस अवसर पर वृंदावन के वात्सल्य ग्राम की संस्थापक साध्वी ऋंतभरा मौजूद थीं। सिन्हा ने कहा, '' तीन दशक से अधिक समय से हमारे शिक्षा क्षेत्र में ठहराव आ गया था।



### नीतीश ने 'इंडिया' गठबंधन से निकलकर सही काम नहीं किया : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि बिहार के उनके समकक्ष नीतीश कुमार ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से नाता तोड़कर सही काम नहीं किया। उन्होंने उनके आचरण को लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं बताया। केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान नीतीश कुमार द्वारा बिहार में भाजपा के साथ मिलकर नयी सरकार बना लेने के बारे में पूछे गये एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। केजरीवाल ने कहा, '' मैं महसूस करता हूं कि यह गलत है और उन्हें (इंडिया गठबंधन) नहीं छोड़ना चाहिए था। इस तरह का आचरण लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। '' नीतीश कुमार ने रविवार को यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए ''चीजें ठीक नहीं चल रही थीं।'' उसके बाद उन्होंने भाजपा के सहयोग से नयी सरकार बना ली। लगभग डेढ़ साल पहले ही उन्होंने भाजपा से नाता तोड़कर महागठबंधन की सरकार बनाई थी।



### राजग में शामिल होने का नीतीश कुमार का फैसला सही : आठवले

**लखनऊ (भाषा)।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि नीतीश कुमार का निर्णय बिहार की प्रगति के लिए सही समय पर उठाया गया सही कदम है । केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने यहां पीटीआई भाषा से बातचीत में कहा कि ''नीतीश कुमार का निर्णय सही समय पर उठाया गया सही कदम है। और यह 'इंडिया गठबंधन' को बहुत बड़ा झटका देने वाला है।'' विपक्षी दलों द्वारा नीतीश कुमार को पलटूराम नाम दिये जाने पर आठवले ने कहा ''नीतीश कुमार को पलटूराम कहना उचित नहीं है। पलटने वाले बहुत लोग हैं। यह 'पलटने' का मामला नहीं है। कभी-कभी आपको सही समय पर सही निर्णय लेना पड़ता है।'' उन्होंने कहा कि 'नीतीश का फैसला सही है और यह कांग्रेस के लिए एक चुनौती है।' आरपीआई (ए) प्रमुख ने कहा कि नीतीश कुमार अब नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम करने के लिए राजग में आए हैं, उनका स्वागत है।



# अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना लिवर रोगों में गिलोय उपयोगी

**हरिद्वार।** गिलोय के हेपटेप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने को क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभ्राव को अब यूनाइटेड किंगडम ने भी स्वीकार किया है जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल "जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया है। यूके. के जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी ने यह स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है, साथ ही गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की भी वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनिक (खाद्य के रूप में) प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गिलोय का प्रयोग लिवर को सुरक्षा प्रदान करने वाले पूरक खाद्य के रूप में किया जा सकता है जिस अनुसंधान का सम्पूर्ण विवरण https://doi.org/10.1093/jpp/rgae013 से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय का प्रयोग किया जाता था। 'गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। अनुसंधान द्वारा इसकी क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सीसी 14 मॉडल का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इसके हेपेटेप्रोटेक्टिव प्रभावों का श्रेय, एल्कलॉइड्स (बर्बेरिन, पामेटाइन और जेट्रोरिजिन) और सिनापिक एसिड को दिया जा सकता है। बर्बेरिन टीएनएफ द्वारा ट्रिगर किए गए, प्रिनफ्लेमेट्री कैस्केड को रोककर सूजन को कम करता है और आईएनओएस को रोककर नाइट्रोसेटिव तनाव को कम करता है।



■ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक

### कांग्रेस के मोहब्बत की दुकान में सिर्फ़ नफ़रत के सामान ने छटकाए सहयोगी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि नीतीश कुमार शुरू से एनडीए के ही सहयोगी थे। जब जब उन्होंने राजद के साथ जाने का प्रयास किया, तब तब बिहार में जंगल राज की वापसी हुई। एक बार फिर जब नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी हुई है तब हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बिहार में सुशासन हो, विकास हो। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस गठबंधन से बिहार के विकास को बल मिलेगा और बिहारवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति होगी। ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ ही न्याय करने में असमर्थ है। इनके मोहब्बत की दुकान में सिर्फ नफरत नजर आती है। आज एक-एक करके इनके साथी इनको छोड़ रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता जैसे कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, मिलिंद देवड़ा और कई बड़े नेता जो केंद्र और राज्य में मंत्री रहें, उन्होंने आज कांग्रेस से किनारा किया है।



# भारत अगले तीन साल में बन सकता है दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्रालय

- सतत सुधारों से यह वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी छू लेगा
- दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अगले तीन साल में पांच लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और सतत सुधारों से यह वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी छू लेगा। दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था की विरासत के बावजूद भारत वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। मंत्रालय ने कहा, ''10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। उन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन सुधारों ने आर्थिक मजबूती भी दी है जिसकी देश को भावी अप्रत्याशित वैश्विक झटकों से निपटने के लिए जरूरत होगी।' इसी के साथ मंत्रालय ने कहा कि अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, ''सरकार ने वर्ष 2047 तक 'विकसित देश' बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने पर इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।'' समीक्षा रिपोर्ट कहती है, ''घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत के करीब रहने की संभावना है। वर्ष 2030 तक वृद्धि दर के सात प्रतिशत से अधिक रहने की काफी गुंजाइश है।'




### हनुमान ध्वज हटाने पर कर्नाटक के गांव में तनाव बरकरार, प्रदर्शन जारी

**मांड्या (कर्नाटक) (भाषा)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही। प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को एहतियातन तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ध्वज उतारे जाने के विरोध में भगवा झंडे लेकर मांड्या शहर के जिला मुख्यालय में उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालना शुरू किया। प्राप्त समाचारों के मुताबिक, जद (एस) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के भी उनके साथ इसमें शामिल होने की संभावना है।

### सेंसेक्स में 1241 अंकों का उछाल, निवेशकों पर 6 लाख करोड़ की बारिश

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा।

### सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में 200 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्यकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/646+647+648+649

मनकि पहलाद सिहं पुत्र हीरा पुत्र मखन, निवासी मकान न0 आर.जैड.ओ. बी/9, न्यू रोशनपुरा, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न0 429/313मिन, खाता न0 442, मु0 न0 49, किला न0 23/1(2–10), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 10 मरले सालम भाग व खेवट न0 431/314, खाता न0 444, मु0 न0 25, किला न0 21/2/2(0–3), 22/3(0–2), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 5 मरले का 5/51 भाग, बकदर 0 कनाल 0.49 मरला व खेवट न0 432/315, खाता न0 445, मु0 न0 25, किला न0 21/3(0–6), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 6 मरले का 1/15 भाग, बकदर 0 कनाल 0.4 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 10.89 मरले वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर व गांव बादली में, जमाबन्दी वर्ष 2018–19 व इंतकाल न0 9193 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 3262मिन/2984मिन, खाता न0 3647मिन, मु0 न0 336, किला न0 25(7–12), मु0 न0 337, किला न0 21/1(4–11), 22/1/1(3–9), मु0न0 341, किला न0 4/2(2–16), 5/2(5–0), किते 5, तादादी रकबा 23 कनाल 8 मरले का 79/468 भाग, बकदर 3 कनाल 19 मरले व खेवट न0 576/533 खाता न0 599, व खेवट न0 3325/3042, खाता न0 3710, मु0 न0 310, किला न0 16/1(5–13), 16/2(0–15), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले का 41/128 भाग, बकदर 2 कनाल 1 मरला, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 6 कनाल 0 मरला वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर, उपरोक्त दोनों गांवों की सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 8 कनाल 10.89 मरले (1.0680625 एकड़) का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्यकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्यकिल को गांव दरियापुर में मु0 न0 49, किला न0 23/1(2–10), व खेवट न0 431/314, खाता न0 444, किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 5 मरले का 5/51 भाग, बकदर 0 कनाल 0.49 मरला व खेवट न0 432/315, खाता न0 445, किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 6 मरले का 1/15 भाग, बकदर 0 कनाल 0.4 मरला, कुल तादादी रकबा 2 कनाल 10.89 मरले व गांव बादली में मु0न0 310, किला न0 16/1 मिन पश्चिम (2–1), मु0न0 337, किला न0 21/1 मिन पश्चिम (3–19), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 0 मरला, उपरोक्त दोनों गांवों से कुल तादादी रकबा 8 कनाल 10.89 मरले (1.0680625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्यकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 29.01.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | उचाना खुर्द, जिला जीन्द में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भवन की विशेष मरम्मत। | 25.01.2024 15.02.2024 | 17.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9053114455 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कंडीशन सर्वे के तहत कैथल जिले में ढाण्ड पुण्डरी राजौंद अलेवा रोड कि.मी. 22.00 से 26.00 कि.मी. (एमडीआर–113) की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 13.02.2024 | 125.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल में सामान्य अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के कार्य हेतु अग्निशमन प्रणाली। | 23.01.2024 13.02.2024 | 81.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में न्यायिक परिसर में लिटिगेंट बिल्डिंग की विशेष मरम्मत। | 25.01.2024 01.02.2024 | 6.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466125011 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में जमालपुर शेखां में जाखल–हिसार रेलवे लाइन लेवल क्रॉसिंग नं. सी–6 पर टोहाना–कुल्लां–रतिया रोड (एमडीआर–101) पर 2 लेन आरओबी का निर्माण। | 26.01.2024 15.02.2024 | 2201.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | पंचायत समिति के तहत गांव नांदल में पार्क का निर्माण। | 24.01.2024 13.02.2024 | 12.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फतेहाबाद | भिरडाना – रायसिख चौपाल में कमरे और रिटेनिंग वॉल का निर्माण डी–प्लान + 11 कार्य। | 25.01.2024 02.02.2024 | 147.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | ढाणी गोपाल – गांव ढाणी गोपाल ब्लॉक भुना (फतेहाबाद) में इन्द्र धांक के मकान से राजकीय विद्यालय तक आईपीबी फिरनी का निर्माण एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 25.01.2024 08.02.2024 | 135.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 9 | जिला परिषद पलवल | गांव रातिपुर ब्लॉक पलवल, जिला पलवल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 25.01.2024 05.02.2024 | 18.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8185016460 d.bhumit.official@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज फतेहाबाद | पुराणमाजरा – गांव पुराणमाजरा, ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट में पानी की टंकी और चारदिवारी का निर्माण, एचआरडीएफ + 8 कार्य। | 25.01.2024 02.02.2024 | 109.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव लोहारी टिब्बा, ब्लॉक सोनीपत, जैडपी में आंगनवाड़ी से शिव मंदिर तक आरसीसी नाला का निर्माण + 1 कार्य। | 25.01.2024 05.02.2024 | 17.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | गांव टापरियां कंडाइ वाला में आयरन शैड का निर्माण, गांव त्रिलोकपुर गणेशपुर में आयरन शैड का निर्माण, गांव खैरवाली परवाला अमराला में एससी चौपाल में आयरन शैड का निर्माण, बुंगा बेलवाली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में आयरन शैड का निर्माण + 4 कार्य। | 25.01.2024 31.01.2024 | 66.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज नूह | गांव दोहा, ब्लॉक एफ.पी. झिरका, जिला नूह में फिरनी का निर्माण + 4 कार्य। | 24.01.2024 13.02.2024 | 344.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708036914 prexeeng.mwt@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खानपुर1 में गुरुकल गेट से बीच वाला अड्डा तक नाला का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.02.2024 | 222.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज करनाल | गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में नहर पुल्ल के निकट तालाब पंचायती जोहड़ का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में धोबाट तालाब का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग में झगदे वाला तालाब का विकास और गांव गोंडर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में आदर्श तालाब आमली का विकास और गांव गोंडर में डेरा बाबा लक्ष्मणदास के निकट आदर्श तालाब सुरवादा तालाब का निर्माण और गांव गुल्लारपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में तालाब शिव मंदिर वाला का विकास। | 26.01.2024 01.02.2024 | 403.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों में आर.सी.सी. बैंचेज और बार्ब्ड वायरिंग, वॉक वे इत्यादि की आपूर्ति, फिक्सिंग और स्थापना। | 26.01.2024 02.02.2024 | 48.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2024/320/24520/I/88/6 दि. 29.01.24

# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी पूरी, सेनाओं के बैंड ने 31 धुनें पेश कीं

## देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आखिरी दिन | सेरेमनी की शुरुआत शंखनाद की धुन बजाकर की गई थी | 'सारे जहां से अच्छा' गान के साथ किया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के आखिरी दिन सोमवार (29 जनवरी) को रायसीना हिल्स के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसमें तीनों सेनाओं को सीएपीएफ के बैंड ने हिस्सा लिया और 31 क्लासिकल धुनें पेश कीं। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत 'शंखनाद' की धुन बजाकर की थी। उल्लेखनीय है कि बीटिंग रिट्रीट समारोह का मुख्य संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल विमल जोशी द्वारा किया गया। इसके अलावा, आर्मी बैंड के संचालक सूबेदार मेजर मोती लाल होंगे। इसके अलावा, एम एंटनी नौसेना और वारंट ऑफिसर अशोक कुमार भारतीय वायु सेना बैंड के संचालक होंगे। कांस्टेबल रानीदेवी सीएपीएफ बैंड की संचालिका होंगी।

**खास बातें**

- 300 साल से भी ज्यादा पुराना इतिहास
- राजा महाराजाओं के समय चली आ रही परंपरा
- भारत में 1950 के दशक में हुई थी इसकी शुरुआत





### 1950 में बीटिंग रीट्रीट की शुरुआत हुई थी


बीटिंग द रिट्रीट की शुरुआत 17वीं शताब्दी में इंग्लैंड से हुई थी। उस समय इस सेरेमनी को 'वॉच सेटिंग' कहा जाता भारत में रीट्रीट की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। तभी से इसे बीटिंग रीट्रीट कहा जाता है। तब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट ने इस कार्यक्रम को सेनाओं के बैंड के साथ इसका प्रदर्शन किया था जिसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि और ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अथिति के तौर पर शामिल हुए थे।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी समारोह में हुए शामिल



बीटिंग रिट्रीट समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह , रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, एनएसए अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के चीफ सहित अन्य केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि 'बीटिंग रिट्रीट' की शुरुआत 1950 के दशक प्रारंभ में हुई थी, जब भारतीय सेना के मेजर रॉबट्र्स ने सामूहिक बैंड द्वारा प्रदर्शन के अनूठे समारोह को स्वदेशी रूप से तैयार कर प्रस्तुत किया किया

## खबर संक्षेप



### जहां पहुंचा था चंद्रयान वहां भूकंपीय हालात

**वॉशिंगटन।** भारत ने अपने चंद्रयान को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड कराया था। अब नासा भी आने वाले बरसों में आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं उतारने का मंसूबा बना रहा है। हालांकि इस क्षेत्र की हालत नाजुक है और यह भूकंप से प्रभावित है। प्लैनेटरी साइंस जॉर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि यह क्षेत्र हाल ही में भूकंपीय रूप से सक्रिय पाया गया है। इसमें यह बात भी समने आई है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है।

### पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे ईरान के मंत्री


**इस्लामाबाद (भाषा)।** ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोलाहियान सोमवार को यहां अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ ''गहन'' बातचीत करेंगे। कुछ दिन पहले ईरान ने पाकिस्तान के सीमा क्षेत्र में कथित आतंकवादी ठिकानों पर सैन्य हमले किए थे जिसका पाकिस्तान ने भी जैसे को तैसा जवाब दिया था।

### पीओके में सड़कों पर उतरे हजारों लोग



**गिलगित बाल्टिस्तान।** पाक के अत्याचारों और महंगाई के खिलाफ गुलाम जम्मू कश्मीर (पीओके) के लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने मुजफ्फराबाद प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे तौकीर गिलानी ने कहा कि पाकिस्तान अत्याचार कर रहा है। क्षेत्र के नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया है। संस्कृतियों और परंपराओं को नष्ट किया जा रहा है। पाकिस्तान सरकार हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है।

### कश्मीर में बर्फबारी से आई पर्यटकों के चेहरे पर खुशी



## ज्ञानवापी केस : शिवलिंग और वजूस्थल का हो सर्वे

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल से अपील की है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि वास्तविकता का पता लगाया जा सके। याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत और कलाकृतियां हैं।

- हिंदू पक्ष ने दायर की सुप्रीम कोर्ट में याचिका
- मई 2023 में शीर्ष अदालत ने लगाई थी रोक एएसआई पेश कर चुकी सर्वे रिपोर्ट

## भारतीय युद्धपोत ने अपहृत जहाज और चालक दल को सुरक्षित रिहा कराया

**नई दिल्ली (भाषा)।** सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में तैनात एक भारतीय नौसैनिक युद्धपोत ने ईरान के झंडे वाले एक जहाज और उसके चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया जिसका कुछ समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना ने रविवार रात जहाज से मिली अपहरण की सूचना पर फौरन कार्रवाई की। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि सोमलिया के पूर्वी तटों व अदन की खाड़ी में जलदस्यु रोधी अभियानों को तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के ध्वजवाहक मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में सूचना पर कार्रवाई की। जहाज पर जलदस्यु चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था।'' उन्होंने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल तथा जलपोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य करने के वास्ते स्थापित मानक चालक प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुरूप काम किया। जहाज पर चालक दल के सभी 17 सदस्यों और नौका को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया। हिंद महासागर क्षेत्र में जलदस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है।



अरब सागर में नौसेना का रेस्क्यू ऑपरेशन

### सोमाली समुद्री दस्युओं ने श्रीलंकाई नौका को जब्त की

कोलंबो। श्रीलंका की एक मछली पकड़ने की नौका और उसके चालक दल के छह सदस्यों के लापता होने के मद्देनजर श्रीलंका के राजनयिक सोमाली अधिकारियों से बात कर उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आशंका है कि सोमाली समुद्री दस्युओं ने दो दिन पहले इस नौका को जब्त कर लिया और उसके चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### हूती विद्रोहियों का अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा

**यरूशलम (एपी)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा है कि उन्होंने सोमवार को समुद्र में अमेरिकी नौसेना के एक चल केंद्र पर हमला किया जिसके लिए उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। अमेरिकी रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने इस दावे को तुरंत खारिज कर दिया। यूएसएस लुईस बी पुलर जहाज पर निशाना साधने का दावा किया गया। यह जहाज तैरते हुए लैंडिंग बेस के रूप में काम करता है।

### अमेरिका में नशेड़ी ने हथौड़े से हरियाणा के छात्र की हत्या की

**न्यूयॉर्क (भाषा)** अमेरिका में जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक बेघर नशेड़ी ने उसकी मदद करने वाले भारतीय छात्र (25)के सिर पर करीब 50 बार हथौड़े से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। दिल दहला देने वाली यह घटना कैमरे में कैद हो गई है जिसमें हमलावर जूलियन फॉकनर हाल में एमबीए करने वाले भारतीय छात्र विवेक सैनी के सिर पर हथौड़े से करीब 50 बार बेरहमी से वार करते नजर आ रहा है। 'एम9 न्यूज चैनल' ने रविवार को बताया कि सैनी, फॉकनर को शरण देने वाले स्टोर में अंशकालिक क्लर्क के तौर पर काम करता था। सैनी ने फॉकनर की मदद करते हुए उसे चिप्स, कोक, पानी और ठंड से बचने के लिए एक जैकेट भी दी थी।

- दिल दहला देने वाली घटना कैमरे में कैद
- आरोपित ने 50 बार बेरहमी से वार किए




### नागपुर में बनेंगे राफेल फाइटर



*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि नागपुर के मिहान-सेज में फ्रांसीसी कंपनी डैसो राफेल फाइटर जेट्स बनाएगी। भारत में डैसो कंपनी इस प्रोजेक्ट को अनिल धीरूभाई अंबनी रिलायंस ग्रुप के साथ मिलकर पूरा करेगा। राफेल फाइटर जेट की अधिकतम गति 1912 किमी प्रति घंटा है। लेकिन कॉम्बैट रेंज 1850 किमी है। यह अधिकतम 51,952 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। यह एक सेकेंड में 305 मीटर की सीधी उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें परमाणु हथियार भी लगेंगे। मीटियोर, स्कैल्प और हैमर मिसाइलों को लगाने की बात चल रही है।*

### राजस्थान में भारत और सऊदी अरब संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और सऊदी अरब के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' का प्रारंभिक संस्करण सोमवार को राजस्थान में शुरू हुआ। यह अभ्यास 10 फरवरी 2024 तक संचालित होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया, ''45 रक्षा कर्मियों वाले सऊदी अरब के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेस द्वारा किया जा रहा है। भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स (मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री) की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है।'' विज्ञप्ति के अनुसार इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय - सात के तहत अर्ध-रेगिस्तानी इलाके में संयुक्त अभियानों के लिए दोनों देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित करना है।

### सऊदी रॉयल कमीशन के प्रमुख भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार

**दुबई (एपी)।** सऊदी अरब के ऐतिहासिक अल-उला स्थल की देखभाल कर रहे इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ठेकों में करीब 5.5 करोड़ डॉलर के भ्रष्टाचार और धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सऊदी अरब के निगरानी और भ्रष्टाचार रोधी प्राधिकार ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि सरकार में शामिल होने से पहले एक रिश्तेदार के माध्यम से एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए अवैध तरीके से ठेके प्राप्त करने के मामले में सीईओ आमिर बिन सालेह अब्दुलरहमान अल-मदनी को गिरफ्तार किया गया है। ठेके परमाणु और अक्षय ऊर्जा के लिए अब्दुल्ला सिटी से संबंधित हैं।

### वीजा आवेदनों में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

## अमेरिका ने 2023 में भारतीयों को रिकॉर्ड चौदह लाख वीजा जारी किए

**अमेरिकी वीजा आवेदकों में हर 10वां एक भारतीय**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/वाशिंगटन

अमेरिका में भारतीयों को वीजा को लेकर होने वाली जद्दोजहद अब खत्म हो गई है। भारत में मौजूद अमेरिकी अधिकारियों की टीम ने साल 2023 में रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा जारी किए हैं। यह संख्या पहले की तुलना में कहीं अधिक है।

वहीं, विजिटर वीजा अपॉइंटमेंट प्रतीक्षा समय में 75 फीसदी की कमी आई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने कहा कि अब दुनिया भर में हर 10 अमेरिकी वीजा आवेदकों में से एक भारतीय होते हैं। एक बयान में कहा गया, 2023 में भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा जारी किए। सभी वीजा वर्गों में मांग अभूतपूर्व था और 2022 की तुलना में आवेदनों में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय अब दुनिया भर में हर दस अमेरिकी वीजा आवेदकों में से एक हैं।

### नियुक्ति प्रतीक्षा समय 1,000 दिनों से घटकर 250 दिन




विजिटर वीजा (बी1/बी2) अमेरिकी मिशन के इतिहास में सात लाख से भी ज्यादा आवेदनों के साथ में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। प्रक्रिया में सुधार और स्टाफिंग में निवेश की वजह से देशभर में विजिटर वीजा के लिए नियुक्ति प्रतीक्षा समय को औसतन 1,000 दिनों से घटाकर केवल 250 दिन कर दिया है। बयान में कहा गया है कि भारत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास टीम ने 2023 में एक लाख चालीस हजार से ज्याद छात्र वीजा जारी किए। यह लगातार तीसरे साल रिकॉर्ड बनाते हुए दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक है।

### अमेरिका में ग्रेजुएट करने वाले सबसे ज्यादा भारतीय छात्र

इसमें मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई दुनिया में शीर्ष चार छात्र वीजा प्रोसेसिंग करने वाले शहर हैं। इसने भारतीय छात्रों को अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय ग्रेजुएट छात्रों का सबसे बड़ा समूह बना दिया है। अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से ज्यादा विदेशी छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय हैं। अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने आगे कहा कि हमारे लिए 'रोजगार वीजा' सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कांसुलर टीम इंडिया ने कहा कि 2023 में भारतीयों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए 3,80,000 से अधिक रोजगार वीजा की प्रोसेसिंग हुई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25